ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 22-02-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-02-22 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-02-23	2022-02-24	2022-02-25	2022-02-26	2022-02-27
वर्षा (मिमी)	3.0	4.0	1.0	1.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	14.0	15.0	14.0	13.0	13.0
न्यूनतम तापमान(से.)	4.0	3.0	2.0	1.0	1.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	75	70	70	65
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	55	55	50	50	50
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	8.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	120	120	100	90
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	3	1	1	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

22 से 25 फरवरी के दौरान, कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा हो सकती है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 13.0 से 15.0 व 1.0 से 4.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-8.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 27 फरवरी से 05 मार्च के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक तथा अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है|

लघु संदेश सलाहकार:

22 से 25 फरवरी के दौरान, कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हल्की वर्षा हो सकती है। किसान भाई खेतो में सिंचाई व रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूँ की फसल मे पीला रतुवा रोग का प्रकोप दिखाई पड़ने पर प्रोपीकोनाजोल 25 ई0 सी0 का 1 मिली/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें।
सरसों	सरसों में माहुं का अधिक प्रकोप होने पर मिथाइल-ओ-डिमेटान 25 ई.सी. का 1.5 लीटर/है0 या मैलाथियान 50 ईसी का 2.0 मिली/है0 की दर से छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करे।
गेहूँ	गेहूँ में माहू का प्रकोप होने पर, थायोमेथेक्साम 25 डब्लू एस जी के 100 मिली/हैक्टर का या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस एल के 140 मिली/ हैक्टर का 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। 15 दिन पर दूसरा छिड़काव करें। छिड़काव सुबह या शाम उस समय करें जबकि बारिश या तेज हवा नहीं चल रही हों। समय पर बोई गई फसल में पुष्पावस्था में आने पर सिंचाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बैंगन	सिंचित घाटी क्षेत्रों में बैंगन की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
टमाटर	खेत में लगी टमाटर की फसल में, पछेती झुलसा का प्रकोप होने पर, मैनकोजेब 64% + सायमोक्सैनिल 8% डब्ल्यूपी का 2.5 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
शिमला मिर्च	घाटियों में तैयार पौधालय में 1-1.5 किग्रा बीज/है0 की दर से इसकी बुवाई करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	भेड़ व बकरियों में चेचक नामक बीमारी से बचाव हेतु भेड़/बकरी पॉक्स नामक टीका लगवायें।